विकलांगता-ग्रस्त लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस क्या है?

Hindi | हिन्दी

International Day of
People with Disability

3 दिसंबर

विकलांगता-ग्रस्त लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस (IDPwD) संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा मान्यता--प्राप्त दिवस है, जिसे प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। IDPwD का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया में 4.4 मिलियन विकलांगता-ग्रस्त लोगों के बारे में जागरुकता, समझ और स्वीकृति को बढ़ाना है।

संयुक्त राष्ट्र (UN) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जहां वैश्विविक मुद्दों पर चर्चा करने और इनका समाधान करने के लिए देश एक-साथ आते हैं। संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्यों में से ऑस्ट्रेलिया एक सदस्य है।

1992 में संयुक्त राष्ट्र ने 3 दिसंबर को विकलांगता-ग्रस्त व्यक्तियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया। प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र एक विषय की घोषणा करता है, जो समाज को विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए बाधाओं को दूर करने तथा और अधिक समावेशी बनने का लक्ष्य देता है।

दुनिया-भर के देश इस दिन को अपने-अपने तरीके से पहचान देते हैं। ऑस्ट्रेलिया में IDPwD सरकार, स्कूलों, संगठनों, सामुदायिक समूहों, व्यवसायों और व्यक्तियों के बीच एक संयुक्त प्रयास है।

ऑस्ट्रेलिया सरकार 1996 से IDPwD का समर्थन करती आ रही है। यह सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) के माध्यम से 3 दिसंबर के दिन और पूरे वर्ष-भर IDPwD के बारे में जागरुकता का प्रोत्साहन और प्रसार करती है।

IDPwD ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (Australia's Disability Strategy) 2021-2031 और एक समावेशी ऑस्ट्रेलियाई समाज के लिए इसके लक्ष्य के साथ संरेखित है।

समावेशी और विविधतापूर्ण समुदाय बनाने का हिस्सा बनें

ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता

स्रोत: विकलांगता, आयुवृद्धि और देखभालकर्ता, ऑस्ट्रेलिया सर्वेक्षण 2018, ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो www.abs.gov.au/disability

ऑस्ट्रेलिया में 4.4 मिलियन

विकलांगता-ग्रस्त लोग रहते हैं।

33%

3 में से 1 विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति में गंभीर या गहन विकलांगता होती है।

10 में से 1 विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति ने भेदभाव का अनुभव किया है।

ऑस्ट्रेलिया में सभी वयोवृद्ध व्यक्तियों में से लगभग आधे व्यक्ति विकलांगता के साथ जीवन जीते हैं।

53%

15-64 आयु वर्ग के 53% विकलांगता-ग्रस्त लोगों पास नौकरी है।

और अधिक जानकारी तथा कहानियों, वीडियो और संसाधनों के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं।

आप नियमित अपडेटों के लिए IDPwD न्यूज़लेटर की सदस्यता भी ले सकते/ती हैं।

www.idpwd.com.au

हमें फॉलो करें

@idpwd
facebook.com/idpwd

@idpwd
twitter.com/idpwd

@idpwd_au
instagram.com/idpwd_au

DSS3017.06.23